(d) if so, what is the reacti of the Sangathan thereto ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI) : (a) Yes, Sir.

(b) Kendriya Vidyalaya Sangathan follows the method prescribed by the Government of India in the DPAR OM No. 22011/3/76-Estt.(D) dated 24.12.80 and 22011/6/75-Estt.(D) dated 30.12.76. This prescribes that the officers in the field of selection, excluding those considered unfit for promotion by the Departmental Promotion Committee, should be classified by the DPC as "outstanding", "very good", and "good" on the basis of their merit, as assessed by the DPC after examination of their respective records of service. It is entirely left to the DPC to make its own classification o f the officers being considered by them for promotion to selection posts, irrespective of the grading that may be shown in the CRs. The panels should, thereafter be drawn up to the extent necessary by placing the names of the "outstanding" officers first, followed by the officers categorised as "very good" and followed by the officers categorised as "good". The inter-seniority of officers belonging *to* any one category would be the same as their seniority in the lower grade.

(c) and (d) Representations have been received mostly from those superseded by their juniors which is inherent in the method of selection.

सड़कों के सुधार से होने वाली बचत

2008. श्री सन्तोष बागड़ोदिया : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को फैडरेशन आफ इंडियन चैम्बर्स एण्ड कामर्स एण्ड इंडस्ट्री द्वारा करवाये गये अध्ययन के इस निष्कर्ष की जानकारी है कि अच्छी सड़कों से ही सड़क परिवहन पर होने वाले खर्च में 15 प्रतिशत की कमी की जा सकती है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस प्रतिवेदन की जांच की है, और यदि हां, तो इस प्रतिवेदन के किस सीमा तक स्वीकार किये जाने की संभावना है ;

(ग) यदि हां, तो यह बचत करने के लिए देश की सड़कों में किस प्रकार के सुधारों की आवश्यकता है ;

(घ) क्या सरकार सड़कों के रख-रखाव की पद्धति में कोई परिवर्तन करने का विचार रखती है ; और

(ङ) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) सरकार को इस संबंध में इंडियन चैम्बर्स आफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री द्वारा किए गए किसी अध्ययन की जानकारी नहीं है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं होता ।

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) प्रश्न नहीं होता ।